भारत सरकार

मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय

पशुपालन और डेयरी विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या- 236

दिनांक 19 नवंबर, 2019 के लिए प्रश्न

विषय: गाय अभ्यारण्य का निर्माण

236. श्री रमेशभाई एल॰ घडुकः

क्या मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) सरकार द्वारा अब तक देश के पहले गाय अभ्यारण्य के निर्माण के लिए गुजरात राज्य सरकार के सहयोग से क्या कदम उठाए गए हैं और इसका निर्माण कार्य कब तक किए जाने की संभावना है; और

(ख) वित्तीय सहायता की स्वीकृति संबंधी आरकेवीवाई-आरएएफटीएएआर के अंतर्गत श्री पोरबंदर जिला सहकारी दुग्ध उत्पादन संघ के अनुरोध को मानने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं, क्योंकि पोरबंदर जिले के दुग्ध उत्पादक किसानों के आर्थिक विकास के लिए इस अनुरोध को मानना अति आवश्यक है?

उत्तर

मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी राज्य मंत्री

(डॉ. संजीव कुमार बालियान)

(क) देश में गोकुल ग्राम के पैटर्न में प्रथम गाय अभ्यारण्य के निर्माण के लिए गुजरात सरकार द्वारा प्रस्तुत परियोजना भारत सरकार द्वारा स्वीकृत कर दी गई है और राज्य को 753 लाख रू. की राशि 01.02.2016 जारी की गई थी। अनुमोदित समय-सूची के अनुसार परियोजना फरवरी 2018 तक पूरी की जानी थी। राज्य सरकार द्वारा सूचित किए गए अनुसार तीन गोपशु शैडों, वाटर टैंक आदि के निर्माण का कार्य पूरा हो चुका है और गिर गाय अभ्यारण्य का निर्माण जून 2020 तक पूरा हो जाएगा।

(ख) श्री पोरबंदर जिला सहकारी दुग्ध उत्पादक संघ द्वारा राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के अंतर्गत 25 बल्क दूध कूलरों, 13 दूध भंडार टैंकों, 15 डीजी सेटों, 3 बाउल सहित भार तोलन कांटों, 3 डंप टैकों, 3 कन्वेयर, 6 दूध कैन मार्जकों (स्क्रुबरों), 6 प्रयोगशाला उपकरणों, 3 कच्चा दूध अभिग्रहण डॉक (आरएमआरडी)) सुविधाओं , 150 स्वचालित दूध एकत्रण यूनिटों, एल्म्युनियम के 10000 दूध कैनों, 3 सोलर वाटर हीटरों, आदि के लिए प्रस्तुत परियोजना 10.5 करोड़ रू. के आबंटन के साथ वर्ष 2013-14 के दौरान स्वीकृत की गई थी। श्री पोरबंदर जिला सहकारी दूध उत्पादक संघ को वर्ष 2018-19 के दौरान 44.20 लाख रुपये की कुल परियोजना लागत पर 34 स्वचालित दूध एकत्रण यूनिटों (एएमसीयू) को प्राप्त करने के लिए राष्ट्रीय डेयरी विकास (एनपीडीडी) योजना के तहत भी सहायता प्रदान की गई ।

****